संख्या- 09/2019/644/बयालिस-2019-01(बजट)/2019

प्रेषक,

मो0 इफ्तेखारूद्दीन,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 07 मार्च, 2019**

विषय:- जनपद वाराणसी के डा0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर वाराणसी के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी- 1540/2018-19, दिनांक 07.02.2019 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय संलग्न बी0एम0- 9(भाग-1) प्रपत्र संख्या-203/बयालिस-2019-01(बजट)/2019, दिनांक 28.02.2019 के अनुसार पुनर्विनियोग के माध्यम से जनपद वाराणसी के डा0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर वाराणसी के जीर्णोद्धार कार्य हेतु रू0 73.35 लाख (रूपया तिहत्तर लाख पैतीस हजार मात्र) की अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था करते हुए उक्त सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त किये जाने पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते है :-

(1)- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 रू0 73.35 लाख (रूपया तिहत्तर लाख पैतीस हजार मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके कार्यदायी संस्था उ0 प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2018-19 में उपलब्ध बजट के अन्तर्गत दी जा रही है ।

(2)- उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा धनराशि को लम्बे समय तक पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते/बैक/डाकघर में नहीं रखा जायेगा।

(3)- पुनर्विनियोग के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही धनराशि का व्यय इसी वित्तीय वर्ष में किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा, सुसंगत वित्तीय नियमों/शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा बचत की मद में अतिरिक्त धनराशि की मांग

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

h

फार्म बी0 एम0- 9(भाग- 1)

पुनर्विनियोग की स्वीकृति के लिए आवेदन

(बजट मैनुअल का प्रस्तर- 158 देखे)

(इस प्रपत्र को भरने से पूर्व पीछे छपे अनुदेशों को भली-भांति देख लिया जाय)

अनुदान संख्या- 22 **पूँजी लेखा** **वित्तीय वर्ष 2018-19**

(रू0 लाख में)

निम्नलिखित निधियों से प्रस्तावित संक्रमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जायेगा	
लेखाशीर्षक (15 डिजिट कोड में)	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध अनुदान/विनियोग	आवेदन पत्र देने के दिनांक पर उपलब्ध बचत	संक्रमित की जाने वाली धनराशि	वित्त विभाग द्वारा संक्रमण हेतु अनुमोदित धनराशि	संक्रमण के पश्चात शेष अनुदान/विनियोग (2-5)
1	2	3	4	5	6
4202-शिक्षा,खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-					
04-स्पोर्टस कालेज फतेहपुर 420203800040024	200.00	200.00	73.35	73.35	126.65
कुल योग	**200.00**	**200.00**	**73.35**	**73.35**	**126.65**

निम्नलिखित निधियों में प्रस्तावित संक्रमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जायेगा	
लेखाशीर्षक (15 डिजिट कोड में)	वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध अनुदान/विनियोग	वित्तीय वर्ष में प्रत्याशित कुल व्यय	संक्रमण हेतु प्रस्तावित धनराशि (9-8)	वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संक्रमण की धनराशि	संक्रमण के पश्चात उपलब्ध अनुदान/विनियोग (8+11)
7	8	9	10	11	12
लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा,खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-87-खेल एवं खेल से सम्बन्धित कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए-24-वृहत निर्माण कार्य " 420203800870024	616.41	689.76	73.35	73.35	689.76
कुल योग	**616.41**	**689.76**	**73.35**	**73.35**	**689.76**

(1) स्तम्भ- 3 में उपलब्ध बचत का कारण निम्नानुसार है :-

मद संख्या- 04 के सापेक्ष लिए गये निर्णय के अनुसार फतेहपुर स्पोर्टस कालेज हेतु अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(2)- स्तम्भ- 8 में उल्लिखित उपलब्ध अनुदान के सापेक्ष स्तम्भ-9 में अंकित अधिक व्यय निम्नलिखित कारणों से है:-

जनपद वाराणसी के डा0 भीमराव अम्बेडकर में दिनांक 21.02.2019 से 28.02.2019 तक आयोजित होने वाली अखिल भारतीय पदमश्री मो0 शाहिद मेमोरियल आल इण्डिया आमंत्रण प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता के दृष्टिगत नये तकनीकी के अनुसार स्प्रिंकलर, ट्यूबवेल में लगाये पैनल एवं कट आउट को बदल कर लगाने, एस्ट्रोटर्फ पर लगे चेन्जिंग रूम, मुख्य भवन में लगे सीवर लाइन के रिनोवेशन इत्यादि का कार्य हेतु रू0 73.35 लाख की आवश्यकता है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त कार्य '' मद संख्या 87-खेल एवं खेल से सम्बन्धित कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए-24 वृहत निर्माण कार्य से स्वीकृत है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में उक्त मद के अन्तर्गत कुल रू0 616.41 लाख की बजट व्यवस्था है जिसके सापेक्ष रू0 100.00 लाख की धनराशि विकास खण्ड-जंगल कौडिया, गोरखपुर में स्टेडियम निर्माण हेतु एवं के0 डी0 सिंह '' बाबू '' स्टेडियम लखनऊ में बहुउद्देशीय क्रीड़ाहाल एवं जिम हाल के वातानुकूलन हेतु रू0 116.41 लाख की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है तथा रू0 400.00 लाख की धनराशि ग्रीनपार्क कानपुर में मीडिया सेन्टर के वातानुकूलन एवं लिफ्ट के निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा चुका है। इस प्रकार प्रेषित प्रस्ताव के दृष्टिगत उक्त मद में बजट व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

(3)- प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-150 व 151 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।

(विनीत प्रकाश)
उप सचिव।

संख्या : आर0ई0-448/ई-5-269/दस-2019 दिनांक : 28 फरवरी, 2019

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
प्रथम उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।

(आनन्द कुमार राय)
अनु सचिव,
वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग- 5

संख्या- 203/बयालिस-2019-01(बजट)/2019-तददिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- संबधित विभागाध्यक्ष (नियंत्रक अधिकारी)
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन लखनऊ।
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (तीन प्रतियों में)

(विनीत प्रकाश)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in